ERK No 4250 ADM (Sadar) / ACRA (सदर)
Pls speak

DM
(D)

संवा में,

मानननीय जिला अधिकारी महोदय

देहरादून उत्तराखण्ड

प्रार्थिनी के पति द्वारा लिए गये लोन का भुगतान उनकी मृत्यु के उपरान्त बैंक द्वारा इंश्योररेन्स कम्पनी से प्राप्त करने के पश्चात् भी प्रार्थिनी व उसकी नाबालिंग पुत्रीयो को प्रताड़ित करने के संदर्भ में

ACRA

महोदय,

निवेदन है कि प्रार्थिनी के पति द्वारा आई.आई.एफ.एल बैंक से वर्ष सन्–2021 में 17,26,874 रू0/का होम लोन लिया गया था। जिसकी किस्तो का भुगतान प्रार्थिनी के पति द्वारा समय पर किया जाता रहा है। परन्तु दिंनाक–10.08.2023 को प्रार्थिनी के पति की हृदय गति रूक जाने के कारण मृत्यु हो गयी।

ADM(S) 19/11/25

यह कि प्रार्थिनी के पति की मृत्यु के पश्चात् परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो ग . जिस कारण प्रार्थिनी बैंक लोन की किस्ते जमा नही कर पायी ओर बैंक कर्मचारियो द्वारा प्रार्थिनी के साथ घर आकर उसके साथ शेष रही किस्तो के संदर्भ बदसलूकी की जाने लगी।

यह कि प्रार्थिनी को मृत्यु के बाद आई.आई.एफ.एल बैंक द्वारा दिनांक 26.10.2023 को बजाज एलाऐस इंश्योरेन्स कम्पनी से क्लेम धनराशि के रूप रू0–14,61,375 रू0/प्राप्त किये जा चुके है। और रू0–39470 नकद प्रार्थिनी द्वारा ओर 271278 रू0/पूर्व में प्रार्थिनी के पति द्वारा किस्तो के रूप अदा किए जा चुके है बावजूद इसके बैंक वाले प्रार्थिनी की जमीन के कागज वापस करने के लिए 2 लाख रू0 और मांग कर रहे है जिस कारण प्रार्थिनी व उसकी दोनो पुत्रीया मानसिक तनाव में है। ओर बैंक कर्मचारियो द्वारा की गयी प्रताडना के कारण भयभीत है।

महोदय प्रार्थिनी सम्बन्धित बैंक को जमीन के कागजो के वापस लेने के लिए दो लाख रू0/अलग से भुगतान करने में असमर्थ है।

अतः महोदय जी से निवेदन है कि आई.आई.एफ.एल शाख बल्लूपुर चौक जी.एम.एस रोड की शाखा से प्रार्थिनी का बकाया लोन माफ करवा कर उसके मकान के कागज वापस दिलाने की कृपा करे। प्रार्थिनी व उसकी पुत्रीया आपकी सदा आभारी रहेगी।

दिनांक
9910289454 - ओमकार सिंह
7055540023 - कैलाश - बैंक कर्मी

प्रार्थिनी ज्योति
श्रीमति ज्योति पत्नी स्व० दानसिंह
पुलन० 1, तुलाराम बस्ती नवाबगढ़
तहसील व थाना - विकासनगर
देहरादून -
मो०- 8979001894

Scanned with CamScanner